खबर संक्षेप

## बारिश से गड्ढे में भरा पानी, डूबने से दो बालकों की मौत

**कटनी।** रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत डांग के परेवागार टोला में गड्ढे में भरे पानी में खेलते समय दो सगे भाई पानी में डूब गए। स्वजन रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां पर जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर दोनों का पीएम कराया जा रहा है। रीठी क्षेत्र में आधे घंटे तेज बारिश हुई थी और बस्ती के पास गड्ढों में पानी भरा हुआ था। एक गड्ढे के किनारे बच्चों के पैरों के निशान बने देखकर लोगों ने गड्ढे में खोजा तो दोनों मिल गए। जानकारी के अनुसार ग्राम डांग में पहाड़ी के पास परेवागार टोला में भिक्षाटन करने वाले परिवार झोपड़ी बनाकर रहते हैं। यही पर सलमान शाह परिवार के साथ रहता है। सलमान के दो बच्चे मोहित शाह साढ़े तीन साल और नोहित शाह ढाई साल गुरुवार की सुबह झोपड़ी के पास खेल रहे थे। इस बीच पिता रीठी बाजार चला गया और मां खाना बनाने के लिए लकड़ी एकत्र करने चली गई। कुछ समय बाद जब माता पिता लौटे तो बच्चे दिखाई नहीं दिए। दोनों ने आसपास पूछताछ की लेकिन जानकारी नही लगी तो बस्ती के लोगों के साथ मिलकर खोजबीन शुरू की।

## पठरा हाईस्कूल में खेल सामग्री का हुआ वितरण



**बड़वारा।** मप्र शासन के दिशा निर्देशानुसार ग्रीष्म कालीन खेल शिविरों का आयोजन शासकीय विद्यालयों में आयोजित किया जाना है सभी विद्यालय प्राचार्य/खेल प्रभारी शिक्षकों की उपस्थिति में 9 मई को प्रातः 10 से 12 तक विद्यालय खेल सामग्री का वितरण शासकीय हाई स्कूल पठरा से किया गया । जिले द्वारा उपलब्ध सूची अनुसार कुल 22 विद्यालयों को विकासखंड स्ततरीय नोडल प्रभारी प्रदीप तिवारी द्वारा खेलकूद सामग्री प्रदान की गई ।

## ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक कल

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद शनिवार 11 मई को दोपहर 3 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति के संबंध में समीक्षा करेंगे। इस दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, वाटरशेड, पंचायती राज ,मनरेगा, जिला शिक्षा केन्द्र, जल जीवन मिशन के अंतर्गत आने वाले विभिन्न कार्यो की विस्तारपूर्वक समीक्षा की जायेगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत ने कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सहित जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र, समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, सहायक यंत्री, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, सहायक लेखाधिकारी मनरेगा उपयंत्री को बिन्दुवार जानकारी के साथ आयोजित बैठक में निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया है।

## दो लोगों ने युवक के साथ की गई मारपीट

**कटनी।** एक युवक के साथ दो लोगों ने मारपीट कर चोट पहुंचाई। घटना कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत इंद्रानगर का है। जानकारी अनुसार गली नंबर एक इंद्रानगर में संजीव पांडेय पिता रमाकांत पांडेय 32 निवासी गली नंबर एक इंद्रानगर के साथ आकाश निषाद, अज्जू निषाद दोनों निवासी इंद्रानगर ने गाली गलौत देते हुए पत्थर मारकर चोट पहुंचाई है व जान से मारने की धमकी दी है। सहायक उप निरीक्षक श्यामनारायण सिंह थाना कुठला ने बताया कि शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### रेत के अवैध उत्खनन पर मेसर्स फेयर ब्लैक इन्फ्राटेक इंडिया प्रा. लिमिटेड पर कार्यवाही

# खनिज माफिया पर करारा प्रहार, 6 करोड़ 94 लाख का लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने उत्खनि पट्टा क्षेत्र हेतु स्वीकृत रकवा के अलावा इससे लगे रकवा क्षेत्र में अवैध और नियम विरुद्ध खनिज रेत का उत्खनन करने पर उपपट्टाधारी मेसर्स फेयर ब्लैक इन्फाटेक इंडिया प्रा०लिमिटेड के विरुद्ध 6 करोड़ 93 लाख 69 हजार 300 रूपए का जुर्माना लगाया है। जिसमें अवैध उत्खनित रेत मात्रा 5 हजार 733 घनमीटर की रायल्टी राशि 5 लाख 73 हजार 300 रूपये का 60 गुना शास्ति के तौर पर 3 करोड़ 43 लाख 98 हजार रूपए और शास्ति के अतिरिक्त समतुल्य राशि पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप में 3 करोड़ 43 लाख 98 हजार रूपये शामिल हैं। कलेक्टर श्री प्रसाद ने संबंधित को यह राशि जिला खनिज प्रतिष्ठान मद में जमा कराने का आदेश पारित किया है।

### ये हैं मामला

म०प्र० स्टेट माईनिंग कार्पोरेशन लि० उप कार्यालय कटनी द्वारा कलेक्टर न्यायालय को दिए प्रतिवेदन में बताया गया कि ग्राम घुघरी के खसरा नंबर 122 रकवा 8.030 हेक्टेयर पर खनिज रेत हेतु उत्खनि पट्टा दि म०प्र० स्टेट माईनिंग कार्पोरेशन लि० के पक्ष में स्वीकृत है, जिसका संचालन उप पट्टाधारी एवं बोलीकर्ता मेसर्स फेयर ब्लैक इन्फाटेक इंडिया प्रा०लि० द्वारा किया जा रहा है। इस क्षेत्र में उत्खनि पट्टा हेतु स्वीकृत क्षेत्र को चतुर्सीमा में सीमा मुनारों का निर्माण किया जाना नहीं पाया गया। साथ ही मेसर्स फेयर ब्लैक इन्फाटेक इंडिया प्रा०लि० द्वारा खसरा नंबर 490 के रकवा 17.010 हेक्टेयर के भाग रकवा पर भी रेत का अवैध खनन किया जाना पाया गया।

### नियमों एवं शर्तों का उल्लंघन

खनिज विभाग एवं राजस्व अमले द्वारा तहसील विजयराघवगढ अंतर्गत ग्राम घुघरी में खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण के संबंध में दिए गए प्रतिवेदन के अनुसार मेसर्स फेयर ब्लैक इन्फ्राटेक इंडिया प्रा०लि० द्वारा खनिपट्टा हेतु स्वीकृत क्षेत्र से लगे खसरा नंबर 490 रकवा 17.010 हेक्टेयर के भाग रकवे पर अवैध रूप से खनिज रेत का नियम विरुद्ध खनन किया जाना पाया गया। जिसमें लगभग 455 मीटर लंबाई 42 मीटर औसत चौड़ाई एवं लगभग 0.30 मीटर औसत गहराई में खनन कर अवैध रेत निकाला जाना पाया गया। निकाली गई अवैध रेत की कुल मात्रा लगभग 5 हजार 733 घनमीटर पाई गई है। इसके आधार पर कलेक्टर न्यायालय द्वारा उप पट्टाधारी एवं बोलीकर्ता मेसर्स फेयर ब्लैक इन्फ्राटेक इंडिया प्रा०लि० द्वारा 5 हजार 733 घनमीटर खनिज रेत का अवैध उत्खनन किया जाना पाया गया है। जो कि उप पट्टाधारी व बोलीकर्ता मेसर्स फेयर ब्लैक इन्फ्राटेक इंडिया प्रा०लि० द्वारा "खनिज रेत की विस्तृत ई-नीलामी सूचना" में उल्लेखित आवश्यक शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन है।

### कलेक्टर ने ये दिया आदेश

कलेक्टर न्यायालय में कलेक्टर श्री अवि प्रसाद द्वारा खनिज शाखा द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन और संयुक्त जांच दल के प्रतिवेदन एवं अनावेदक के जवाब तथा प्रकरण में संलग्न समस्त दस्तोवजों का सूक्ष्म परिशीलन किया गया। इसके बाद कलेक्टर श्री प्रसाद ने अनावेदक अवैध उत्खननकर्ता फेयर ब्लैक इन्फ्राटेक इंण्डिया प्रा० लिमि० के विरूद्ध कुल 6करोड़ 93 लाख 69 हजार 300 रूपए का जुर्माना लगाया है। जिसमें अवैध उत्खनित रेत मात्रा 5 हजार 733 घनमीटर की रायल्टी राशि के रूप में पाँच लाख तिहत्तर हजार तीन सौ रूपये का 60 गुना तीन करोड़ तिरालिस लाख अन्ठान्नवे हजार रूपये की शास्ति, और शास्ति के अलावा समतुल्य राशि पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप में तीन करोड़ तिरालिस लाख अन्ठान्नवे हजार रूपये की राशि शामिल हैं। उप पट्टाधारी व बोलीकर्ता मेसर्स फेयर ब्लैक इन्फ्राटेक इंडिया प्रा०लि० को यह राशि जिला खनिज प्रतिष्ठान मद में जमा करने का आदेश कलेक्टर न्यायालय द्वारा दिया गया है।



## 40 हजार रूपए की सामग्री लेकर महिलाएं हो गई चंपत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कोतवाली थाना क्षेत्र के सिटी मॉल में कर्मचारियों को चकमा देकर तीन महिलाएं लगभग 40 हजार का खाद्य सामान एवं सौंदर्य प्रधान लेकर रफू चक्कर हो गई। मॉल में चोरी होने की जानकारी मॉल के कर्मचारियों को तब लगी जब उन्होंने स्टॉक मिलाया और स्टॉक में गड़बड़ी सामने आई। स्टॉक में गड़बड़ी उजागर होने के बाद उन्होंने सीसीटीवी फुटेज खंगाल जिसमें तीन महिलाएं चोरी का माल लेकर चंपत होती दिखाई दी। सिटी मॉल के मैनेजर की शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात महिलाओं के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज करते हुए उसकी सरगर्मी से तलाश प्रारंभ कर दी है।

खिरहनी चौकी प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि सिटी मॉल के स्मार्ट बाजार के मैनेजर अंजनी मिश्रा ने शिकायत करते हुए कहा कि 14 अप्रैल की रात लगभग 8:30 बजे तीन अज्ञात महिलाएं 40 हजार कीमत का खाद्य सामान एवं सौंदर्य प्रसाधन माल से दो बोरियों में भरकर रफूचक्कर हो गई। दो बोरियों में सामान लेकर जाती हुई महिलाएं सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने मैनेजर की शिकायत के आधार पर अज्ञात महिलाओं के खिलाफ धारा 380 ताहि के तहत प्रकरण दर्ज कर चोर महिलाओं की तलाश प्रारंभ कर दी है। पुलिस के मुताबिक महिलाओं ने स्मार्ट बाजार से सौंदर्य प्रसाधन एवं किराने का सामान ट्रॉली में भरा और बिना बिल बनवाए गार्ड को दूसरे कामों में व्यस्त देख धीरे से उसे चकमा देते हुए बाहर निकल गई। स्मार्ट बाजार से बाहर जाकर ट्रॉली में रखे सामान को दो बोरियों में भरकर वहां से नौ दो ग्यारह हो गई।

### उमरियापान के जमुनहा तालाब में मगर का मामला

## दो दिन की मेहनत के बाद भी नहीं फंसा मगरमच्छ, वापस लौटी टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

उमरियापान के जमुनहा तालाब में मगरमच्छ पकड़ने के लिए लगाया गया पिंजरा गुरुवार को तीसरे दिन वाइल्ड लाइफ की रेस्क्यू टीम ने तालाब से निकाल लिया है।दो दिन तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने के बाद सफलता नहीं मिली तो टीम वापस लौट गई। हालाकि रेस्क्यू टीम के बगैर मगरमच्छ पकड़े वापस लौटने को लेकर क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाएं है।

रेस्क्यू टीम में शामिल वनरक्षक रामविनोद माँझी,भगवान राम गुप्ता और वन्य प्राणी प्रेमी धनंजय घोष,नमन चौरसिया ने बताया कि मंगलवार को पानी के बाहर और



बुधवार को स्थान परिवर्तन कर पानी के अंदर पिंजरा लगाया गया। मगरमच्छ को खाने के लिए उसका चारा (कई मुर्गे) रखे गए। मगरमच्छ पिजरें तक पहुचता जरूर लेकिन इलाके में हल्ला गुहार अधिक होने के कारण मगरमच्छ पिजरें के अंदर नहीं आ सका।पिंजरा खोलने के बाद रेस्क्यू टीम ने ग्रामीणों को तालाब के समीप न जाने की सलाह दिया। क्योंकि लगातार दो दिन तक उसे चारा मिला।चारा की तलाश में बार बार आएगा।

ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि मगरमच्छ पिंजरे में नहीं फंसा। इस कारण रेस्क्यू टीम अभी वापस चली गई है। कुछ दिनों बाद रेस्क्यू टीम को फिर से बुलाया जाएगा। तालाब में पिंजरा लगाकर मगरमच्छ को पकड़ा जाता। लेकिन ग्रामीणों द्वारा आवाज करने,पत्थर फेंकने के कारण मगरमच्छ छिप जाता है। ग्रामीणों को भी इसमें सहयोग करना चाहिए। बता दें कि उमरियापान के जमुनहा तालाब में बीते दो महीने पहले से प्रतिदिन लोगों को मगरमच्छ दिखाई देने के बाद ग्रामीणों और किसानों में दहशत का माहौल बना है।

## स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने गुरुवार की शाम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। कृषि उपज मंडी पहरूआ में बनाये गए स्ट्रांग में कलेक्टर श्री प्रसाद ने सीसीटीवी व रिकॉर्डिंग और एल ई डी टीवी स्क्रीन सहित अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर स्ट्रांग रूम के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गए निर्देशों का शत- प्रतिशत पालन करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने यहां विजीटर्स पंजी का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं तहसीलदार शशिभूषण सिंह, अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### 31 मई तक होगा चना, मसूर, सरसों का उपार्जन

## किसानों की सुविधा के लिए पिपरिया कला बडवारा में बनाया उपार्जन केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने किसानों की सुविधा के मद्देनजर समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन हेतु बरही तहसील के प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पिपरियाकला के अंतर्गत ललितराज वेयर हाउस पिपरियाकला बडवारा को उपार्जन स्थल बनाए जाने का आदेश जारी किया है। क्षेत्रीय किसानों ने चना, मसूर और सरसों के उपार्जन हेतु उनके गांव के नजदीक खरीदीं केन्द्र स्थापित करने पर कलेक्टर श्री प्रसाद के प्रति आभार जताया है।

### किसानों के लिए सुविधाओं के निर्देश

समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों की खरीदी निर्धारित उपार्जन केंद्रों पर 31 मई तक जारी रहेंगी। विपणन वर्ष 2024-25 में चना, मसूर एवं सरसों के ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत कृषकों से उपार्जन के लिए चिन्हित उपार्जन केन्द्रों पर शासन द्वारा चना 5 हजार 440 रुपये प्रति क्विंटल, मसूर 6 हजार 425 रुपये प्रति क्विंटल एवं सरसों 5 हजार 650 रुपये प्रति क्विंटल की दर से न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया गया है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा सभी उपार्जन केन्द्रों पर किसानों की सुविधा को देखते हुये शुद्ध पेयजल, छायादार बैठने के स्थान, सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने पहले ही कृषि विभाग को निर्देशित किया जा चुका है।

किसानों से आग्रह किया गया है कि वे उपार्जन केन्द्रों या कियोस्क अथवा स्वयं द्वारा अपनी सुविधानुसार स्लॉट बुक कर अपनी उपज का विक्रय शासकीय उपार्जन केन्द्रों पर करें।

### कलेक्टर द्वारा प्रकरणों के निराकरण हेतु चलाया गया अभियान

## विशेष अभियान के तहत महज़ चार दिनो में 401 प्रकरणों का निबटारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले मे लंबित सीमांकन प्रकरणों के निराकरण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत राजस्व अधिकारियों द्वारा किये गये बेहतर प्रयासों की वजह से अभियान के महज़ पहले चार दिनों में ही सीमांकन के 401 प्रकरण निराकृत किये जा चुके है।

### कलेक्टर के निर्देश

कलेक्टर श्री प्रसाद ने राजस्व अधिकारियों को सीमांकन प्रकरणों के निराकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। बताते चलें कि कलेक्टर श्री प्रसाद ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में निर्देशित किया था कि वर्तमान में गेहूं की फसल की कटाई की जा चुकी है ऐसे में जून माह तक खेतों के खाली रहने की ही संभावना है। यह स्थिति सीमांकन करने के लिए आदर्श और बेहतर स्थिति है।

इसलिए सभी राजस्व अधिकारी इस सहज और अनुकूल स्थिति में लंबित सीमांकन प्रकरणों के निराकरण की दिशा में त्वरित और प्रभावी कार्यवाही करें। ताकि सीमांकन के सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण हो सके। इसके बाद सीमांकन प्रकरणों के निपटारे में तेजी आई है।

### सीमांकन के लंबित प्रकरणों के निबटारे में बड़वारा तहसील अव्वल

सीमांकन मामलों के लंबित प्रकरणों के निपटारे के नजरिये से जिले की बड़वारा तहसील अग्रणी है। यहां अब तक 57 सीमांकन के प्रकरण निराकृत किये जा चुके है। इसी प्रकार ढीमरखेडा तहसील सीमांकन के 53 प्रकरण निराकृत किये जाकर दूसरे स्थान पर है। जबकि तीसरे स्थान पर विजयराघवगढ़ तहसील ने 46 सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण किया है। वहीं बहोरीबंद तहसील सीमांकन के 45 प्रकरणों का निराकरण कर चौथे स्थान पर है। कटनी नगर तहसील नें सीमांकन के 44 प्रकरणों का निपटान कर पांचवे स्थान पर है। जबकि जिले की रीठी और स्लीमनाबाद तहसील द्वारा सीमांकन के 42-42 प्रकरणों का निराकरण करते हुए संयुक्त रूप से छठवे स्थान पर काबिज है। जबकि सातवें स्थान पर बरही तहसील द्वारा सीमांकन के 40 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इसी प्रकार कटनी ग्रामीण तहसील ने सीमांकन के 32 प्रकरणों का निराकरण कर अंतिम पायदान पर है।

### ग्राम हीरापुर कौडिया में काली माता की मढिया में होगा आयोजन

## कलश शोभायात्रा निकली, श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्वामी वेंकटेशाचार्य महाराज के सानिध्य में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ आयोजन समिति द्वारा ग्राम हीरापुर कोडिया स्थित मां काली माता की मढिया में आगामी 10 मई से 17 मई तक श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे अनन्त श्री विभूषित स्वामी श्री वेंकटेशाचार्य जी महाराज भागवत कृपा निकुंज प्रमोदवन चित्रकूट धाम द्वारा प्रवचनों की अमृतवर्षा की जाएगी।

धार्मिक आयोजन की शुरूआत गुरूवार को कलश शोभायात्रा से हुआ। कलश शोभायात्रा गांव का भ्रमण करते हुए आयोजन स्थल पहुंचेगी।

आज 10 मई शुक्रवार को प्रातः प्रायश्चित स्नान, पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश एवं प्रथम दिवस श्रीमद्भागवत महात्म कथा का वर्णन आसंदी से किया जाएगा। इसी तरह 11 मई शनिवार को मंडप पूजन, विविध पाठ, अग्नि स्थापन, हवन, मंगलाचरण कुंती, भीष्म स्तुति, परीक्षित जन्म, शुकदेव आगमन की कथा, 12 मई रविवार को विदुर चरित्र, कपिल उपाख्यान, जड़भरत चरित्र प्रहलाद चरित्र की कथा, 13 मई सोमवार को मन्वन्तरों की कथा, समुद्रमंथन, श्री राम जन्मोत्सव, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा, 14 मई मंगलवार को बाललीलाए माखनचोरी, छप्पनभोग की कथा, 15 मई बुधवार को रासलीला, कंस उद्धार, श्रीकृष्ण रूकमणि मंगल महोत्सव की कथा, 16 मई गुरूवार को सुदामा चरित्र, धर्मोपदेश, कथा विश्राम, चढ़ोत्री 17 मई शुक्रवार को अष्ठम दिवस प्रातः 7 बजे से पूजन, हवन, पूर्णाहुति, विशाल भंडारा आयोजित किया गया है। कथा का समय सायं 4 बजे से रहेगा। श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों ने श्रद्धालुओं से आयोजन में पहुंचकर पुण्यलाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

### सेमिनार 13 को, अधिकारियों को परिचर्चा में भाग लेने के दिए निर्देश

**कटनी।** आयकर अधिनियम, 1961 के टी.डी.एस प्रावधानों के तहत टीडीएस और टीसीएस की कटौती, संग्रह में विफलता, कम कटौती के अलावा विवरण प्रस्तुत न करने अथवा देर से दाखिल करनें से कटौतीकर्ता (नियोक्ता, भुगतानकर्ता,डीडीओ) टीडीएस डिफॉल्ट का दोषी बन जाने के कारण आयकर विलंब शुल्क, जुर्माने का भुगतान करने के लिये उत्तरदायी होने से अभियोजन की कार्यवाही शुरू होने की संभावना होती है। इन परिस्थितियों से बचने के लिए कार्यालय प्रधान आयकर आयुक्त, आयकर भवन, नेपियर टाउन, जबलपुर में ग टीडीएस और टीसीएस संबंधित सेमिनार का आयोजन 13 मई को किया जा रहा है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले के समस्त कार्यालय प्रमुखो को आयकर विभाग संबंधित कटौतीकर्ताओं संग्रहकों से उनके मुद्दों के संबंध में सीधी बात करना चाहता है को संबंधित विभाग के आहरण एवं संवितरण अधिकारी व कटौतीकर्ताओं को अपने कर्मचारियों के साथ इस बैठक में भाग लेने हेतु 13 मई को प्रातः 11 बजे कार्यालय प्रधान आयकर आयुक्त, आयकर भवन, नेपियर टाउन, जबलपुर में उपस्थित होने के निर्देश दिए है। आयकर अधिनियम, 1961 के टी.डी.एस प्रावधानों के तहत नियोक्ता, भुगतानकर्ता को भुगतान के समय या खाते में संचय के समय, सामान्य कर स्लैब दर पर या आयकर के अध्याय में प्रदान की गई विशिष्ट दरों पर आयकर काटने संग्रह करने की आवश्यकता होती है। इस सेमिनार का उद्देश्य आयकर अधिनियम 1961 के टीडीएस प्रावधानों के बारे में जानकारी प्रदान कर टीडीएस रिटर्न समय पर दाखिल करने के बारे में शिक्षित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त सेमिनार में कम भुगतान, कटौती तथा देर से भुगतान पर लगाने वाले ब्याज आदि के बारे में जागरूक करने, मांग को कम करने , बिना उपयोग किये गये चालान की टैगिंग, टीडीएस मिसमैच होने के दौरान मांग को कम करने तथा गलत रिटर्न दाखिल करने से हुई शिकायत का समाधान करने के अलावा फॉर्म 24 क्यू, 26 क्यू, 27 ईक्यू और फॉर्म 16, 16ए तथा 27 डी में नवीनतम संशोधन के बारे में चर्चा की जायेगी।

## डेम में नहाने गए युवक की पानी में डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

डेम में नहाते समय पानी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई।मृतक अपने चचेरे भाई के साथ एक दिन पहले बरेली आया था। घटना ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के बरेली रामपुर की है।उमरियापान पुलिस के मुताबिक मर्ग कायम कर मामले की जांच हेतू घटना क्षेत्र ढीमरखेड़ा थाना भेजा है। उमरियापान थाना प्रभारी सिद्धार्थ राय ने बताया कि जबलपुर जिले के सिहोरा थाना अंतर्गत पिंडरई निवासी संदीप पिता रामकृपाल लोधी जो ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के रामपुर बरेली और तिलमन गांव में सिकवी की जमीन लेकर खेती करता है। बरेली रामपुर में किराये के मकान में रहता है। मंगलवार को सिहोरा थाना के पिंडरई निवासी अनिल पिता भद्दी लाल लोधी (27) अपनी बुआ के लड़के सिहोरा थाना के दर्शनी निवासी मनीष पिता गोविंद लोधी (25) को साथ लेकर अपने दोस्त संदीप के पास ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के बरेली गांव आया था। बुधवार दोपहर को तीनों रामपुर डेम नहाने गए थे। इसी दौरान मनीष ने पानी में डुबकी लगाई। दुबारा बाहर नहीं आया। छोटे बच्चों ने देखा तो चिल्लाते हुए युवक के डूबने की जानकारी दी। संदीप और छोटे बच्चों ने मनीष को पानी से बाहर निकाला।युवक की सांसें चलता देख अनिल और संदीप ने मोटरसाइकिल में बैठाकर मनीष को उमरियापान अस्पताल में भर्ती कराया। जहा पर डॉक्टर ने युवक को देखते ही मृत बता दिया।थाना प्रभारी ने बताया कि अस्पताल से डॉक्टर की सूचना पर पुलिस पहुँची। लाश का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के हवाले सौंप दिया।

खबर संक्षेप



## कोयला लोड मालगाड़ी की बोगी में लगी आग

**कटनी।** कोयला लोड मालगाड़ी की बोगी में आग लगने की जानकारी मिलने पर पुलिस पानी का टैंकर लेकर पहुंची और आग बुझाई। गत दिवस थाना प्रभारी रीठी राजेन्द्र मिश्रा को कंट्रोल रूम कटनी तथा स्टेशन मास्टर सलैया वेद राम अहिरवार ने फोन से सुचना दी कि डी एस एल डी मालगाड़ी कटनी से दमोह कोयला लेकर जा रही है जिसके बोगी मे आग लगी है बकलेहटा मे आग तथा धुआँ देखा गया है। मदद करिये। थाना प्रभारी रीठी राजेन्द्र मिश्रा ने तत्काल उकत बचाव कार्य के लिए चौकी सलैया प्रभारी विजेंद्र तिवारी को आदेशित किया, सूचना मिलते ही अपनी कार्यशैली के लिए मशहूर विजेंद्र तिवारी ने तत्काल सलैया निवासी सुशील शर्मा से तत्काल पानी से भरा टेंकर भेजने कहा जिस पर शर्मा द्वारा ड्राइवर ना होने का हवाला देते हुए मज़बूरी बताई,जिस पर चौकी प्रभारी विजेंद्र तिवारी ने स्वयं ट्रेक्टर ड्राइवर करते हुए, सलैया रेल्वे स्टेशन पहुंच गए,और धुआं धार तरीके से मददगारों की कमी होने के कारण स्वयं जलती आग की बोगी पर चढ़कर आग को बुझाया।

## प्रशासन की अनदेखी से नाली के ऊपर हो गया निर्माण

**विजयराघवगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत आवागमन की स्थिति सुधार में नहीं हो रही है। नगर के बीचो बीच आवागमन हेतु बिजयराघवगढ़ से उमरिया शहडोल कारीतलाई मैहर सिंनगोड़ी की ओर जाने वाले वाहनों के लिए नगर के बीचों बीच आवागमन की व्यवस्था है। विगत कई वर्षों से आवागमन में हो रही परेशानी के लिए प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया जा रहा है। किंतु मामला ठंडा बस्ते में होने के कारण क्षेत्र भर के लोगों को आवागमन की परेशानी झेलनी पड़ रही है। जानकारों की मांने तो स्थानीय प्रशासन द्वारा ध्यान न देने के कारण स्थानीय लोगों द्वारा नाली के ऊपर निर्माण कार्य कर देने से सडक से आने जाने वाले वाहनों के कारण हमेशा जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। नाली के ऊपर निर्माण के कारण पैदल व दो पहिया वाहन से आने जाने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर की व्यवस्था को देखने स्थानीय प्रशासन को समय नही है। आवागमन हेतु मुख्य मार्ग सहित सहायक मार्ग भी पर्याप्त है।किंतु नालियों के ऊपर निर्माण के कारण स्कूल खुलते ही स्कूली बच्चों व लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर से जनापेक्षा है कि किसी अनहोनी घटना से पूर्व आवागमन में हो रही परेशानी से निजात दिलाने स्थानीय प्रशासन को निर्देशित करे।

## पेट्रोल पंप में शोपीस बनी हवा भरने वाली मशीन



**बड़वारा।** पेट्रोल पंपों में नियमानुसार वाहनों में हवा भरने की सुविधा होना अनिवार्य लेकिन संचालकों द्वारा महज दिखावे के लिए ही मशीन रखी जाती है। बड़वारा के समीपस्थ अभिनव फीलिंग सेंटर पेट्रोल पंप में रखी हुई हवा भरने की मशीन बन्द रहने से ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा ग्राहकों को पेट्रोल भरवाने के बाद बिल भी नही दिये जाने के आरोप वाहन चालकों ने लगाये हैं। वाहन चालकों व ग्रामीणों ने बताया कि अधिकारियों द्वारा पेट्रोल पम्पो में औचक निरीक्षण नही किये जाने से पेट्रोल पम्पों में संचालकों की मनमर्जी हावी है। झिंझरी निवासी जागरूक राजाराम पटेल ने शासन से मांग की है कि पेट्रोल भरने वाली मशीन के पाइप का रंग काला होता है जिसे पारदर्शी पाइप होना चाहिए ताकि लोगों को जानकारी हो सके कि उनके वाहनों में पेट्रोल पूरी मात्रा में जा रहा है या नही।

### कलेक्टर ने 720 किलो लीटर क्षमता की मास्टर बैलेंसिंग रिजर्वायर टंकी को देखा

# करनपुरा ग्रामीण जल प्रदाय योजना बनी बडवारा के 47 गांवों के लिए जीवनदायिनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद ने गुरुवार को बड़वारा विकासखंड के ग्राम बिजौरी स्थित करनपुरा जल प्रदाय प्लांट पहुंच कर इंदवार और करनपुरा ग्रामीण जलप्रदाय योजनाओं से ग्रीष्म ऋतु में बडवारा और विजयराघवगढ़ विकासखंडों के गांवों में हो रही जल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की। कलेक्टर ने जल निगम के अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी कि इंदवार ग्रामीण जल प्रदाय योजना से भी जिले के विकासखंडों के चयनित सभी गांवों में हर हाल में शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने बारिश के बीच करनपुरा जल प्रदाय प्लांट और छोटी महानदी से पानी आपूर्ति की प्रक्रिया का निरीक्षण भींगते हुए किया।

कलेक्टर ने जहां करनपुरा ग्रामीण जल प्रदाय योजना से बडवारा विकासखंड के 47 गांवों में हो रही सुचारू पेयजल आपूर्ति व्यवस्था के प्रति संतोष व्यक्त किया। वहीं कलेक्टर ने इंदवार ग्रामीण पेयजल प्रदाय योजना की मंथर गति के लिए गहन नाराजगी जाहिर किया। उन्होंने बड़वारा और विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत के दोनों सीईओ को निर्देशित किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि किसी भी गांव में पेयजल समस्या न हो। साथ ही ग्रामीण जल प्रदाय योजना से पेयजल आपूर्ति वाले गांवों का सत्यापन करने के भी निर्देश दिये।

कलेक्टर को समीक्षा के दौरान बताया गया कि इंदवार ग्रामीण जल प्रदाय योजना से वर्तमान में जिले के 19 गांवों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का ट्रायल रन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने इस योजना के प्रोजेक्ट में शामिल सभी 53गांवों में शीघ्र सुगम पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने इन गांवों में पानी आपूर्ति नहीं शुरू होने पर असंतोष जाहिर किया और निर्देशित किया कि प्रोजेक्ट के तहत स्वीकृत सभी जरूरी अधोसंरचनात्मक विकास एवं निर्माण शीघ्र किया जाय और पानी सप्लाई में आ रही सभी तकनीकी बाधाओं को तत्काल दूर किया जाए। श्री प्रसाद ने पानी के शुद्धीकरण प्लांट और स्काडा रुम से प्लांट के स्वचालित प्रक्रिया का भी जायजा लिया।

जल निगम की देखरेख में तैयार करनपुरा जल प्रदाय योजना बडवारा विकासखंड के 47 गांवों की 46 हजार 450 लोगों की आबादी के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है। पहले इन सभी गांवों में गर्मियों की शुरुआत से ही पानी की समस्या से जूझना पड़ता था।

### इन गांवों को मिल रहा पानी

करनपुरा जल प्रदाय योजना से कटनी जिले के 47 गांवों को पानी की आपूर्ति की जा रही है। इनमें रोहनिया सरई, बैरागी, लखाखेरा, धनवारा बजरवारा, पटना, विलायत कला, रमगढ़ा, पिपरिया, चपानी, पौड़ी, बड़वारा कला, उमरिया, मानपुर, रुपौंध, गोपालपुर, बदरी, बहेड़ी खुर्द, बहेड़ी कला, बहेड़ी, भदावर, गुड़ा कला, सांधी, बम्होरी, सलैया, लोखन, विलायत खुर्द, पथवारी, टिकरिया, बिजौरी सुनारी, कोदो, आमाटोला, भानपुरा, झरेला, लोहरवाड़ा, लदहर, इमलिया, बम्होरी सलैया, खरहटा, देवरी, सकरीगढ़, करुआकापा, कुम्हरवाड़ा और गणेशपुर गांव शामिल है।

### भींगते हुए किया निरीक्षण

कलेक्टर ने समीक्षा बैठक के बाद करनपुरा जल प्रदाय प्लांट के नजदीक ही 175फुट ऊंची बिजौरी पहाड़ी में बनी 720 किलो लीटर क्षमता की मास्टर बैलेंसिंग रिजर्वायर टंकी से गुरुत्वाकर्षण के नियम के तहत गांवों की 54 पानी की टंकियों में पानी आपूर्ति की प्रक्रिया को देख ही रहे थे कि अचानक बेमौसम झमाझम बारिश शुरू हो गई। कलेक्टर ने पूरी जलप्रदाय व्यवस्था को झमाझम पानी में भींगते हुए ही देखा। कलेक्टर ने करनपुरा जल प्रदाय प्लांट और यहां छोटी महानदी से पानी मोटर पंपों द्वारा खींच कर प्लांट तक लाने की समूची प्रक्रिया का निरीक्षण तेज बारिश के बीच भींगते हुए ही किया। इस दौरान हुई बारिश से कलेक्टर पूरी तरह भींग चुके थे।

## मानसिक रूप से कमजोर महिला को पुलिस ने सुरक्षित घर पहुंचाया

**कटनी।** शहर के जगन्नाथ चौक में एक मानसिक रूप से कमजोर महिला को पुलिस ने सुरक्षित घर पहुंचाया। जानकारी के अनुसार जगन्नाथ चौक में यातायात कर्मी ने महिला को अकेला बैठा देख पहले तो उसे वहां बैठने के संबंध में पूछताछ करने का प्रयास किया। लेकिन मानसिक रूप से कमजोर महिला ने कोई उचित जवाब नहीं दिया। पुलिस के अनुसार गर्भवती महिला रामकली बर्मन जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, बुधवार रात्रि लगभग 12 बजे चांडक चौक में जगन्नाथ मंदिर के सामने बैठी हुई थी। जिसे आरक्षक योगेंद्र सिंह ने घर लौटते समय देखा। आरक्षक ने आसपास पूछा तो एक व्यक्ति जिसका नाम दीपक गुप्ता निवासी झर्रा टिकुरिया का उसने बताया कि मैं इस महिला को पहचानता हूं यह महिला मझगवा फाटक के पीछे रहती है। आधी रात यातायात आरक्षक अपने साथी कोतवाली थाने के आरक्षक बुधराज को साथ लेकर महिला के घर पहुंचा और महिला के भाई अमित बर्मन को साथ लाया। दोनों ही आरक्षकों के द्वारा विधिवत कार्यवाही करते हुए उक्त महिला को उसके भाई अमित के सुपुर्द किया गया।

*नकदी एवं अधिक दाम मिलने से केन्द्र नहीं पहुंच रहे किसान*

# 1120 किसानों ने गेहूं विक्रय के लिए कराया पंजीयन, 83 ही केन्द्र में पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेंहू बेचने के लिए पंजीयन करवाया था लेकिन शासन द्वारा निर्धारित मूल्य से अन्नदाता सन्तुष्ट नही हैं जिसके चलते खरीदी केंद्रों में सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है। बड़वारा उपार्जन केंद्र के खरीदी प्रभारी अमित तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि गेहूं खरीदी 29 मार्च से प्रारंभ होने था किंतु शादी विवाह का सीजन होने व कृषि लेट होने के कारण किसान खरीदी केंद्र 01 अप्रैल 2024 से पहुंचना शुरू किए तब खरीदी कार्य प्राम्भ हुआ। दिनांक 09,05,2024 तक 83 किसानों से चार हजार क्विंटल गेहूं की खरीदी हुई है। जबकि 1120 किसानों ने गेहूं विक्रय कराने करने के लिए अपना पंजीयन करवाया है। मंडी में ठीक मिल रहे दाम,वही व्यापारी को विक्रय कर रहे किसान-वर्तमान मे वर्ष की तीसरी फसल की बोवनी के साथ व शादी-विवाह के लिए किसानों को रुपयों की आवश्यकता थी।जिस कारण कृषक व्यापारियों को 2200 से लेकर 2300 रुपये मैं नगद देकर अपनी व्यवस्था करने मे जुटे है। वही गेहूं के दाम किसान को मंडी में भी मिल रहे हैं। वर्तमान में मंडी में गेहूं के दाम 2200 से 2300 रुपए क्विंटल बिक रहा है।

जबकि समर्थन मूल्य पर 2275 रुपए प्रति क्विंटल के साथ 125 रुपये का बोनस भी राज्य सरकार द्वारा अन्नदाता को दिए जाएंगे इसके बावजूद भी अन्नदाता व्यापारियों को अपने गेहूं को 2200 से 2300 रुपये में नगद विक्रय करने में ही सहूलियत समझ रहा है। किसान अपनी फसल व्यापारी को ही बेचकर सीधे नगद राशि ले लेता है।

### 20 मई तक होगी खरीदी

समर्थन मूल्य पर गेंहू विक्रय की अंतिम तिथि 20 मई 2024 है। अभी वर्तमान में उपार्जन केंद्रों में किसानों के द्वारा अपने गेहूं को विक्रय के लिए नही लाने से उपार्जन केंद्रों में सन्नाटा फैला है।

## महाविद्यालय में मार्गदर्शन व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन




विजयराघवगढ़ के शासकीय महाविद्यालय मे अग्निवीर सेना भर्ती हेतु आवश्यक मार्गदर्शन व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसमे श्रीमती ज्योति ताम्रकार विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना प्रभारी ने बताया कि अग्निपथ अग्नि वीर योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसका उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों में युवाओं की प्रतिभागिता बढ़ाना है। ताकि युवा देश सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान कर सकें| केंद्र सरकार ने तीनों सैन्य सेवाओं की भर्ती( थल सेना , नौ सेना और वायु सेना) में नए सैनिकों की भर्ती के लिए अभी प्रेरित युवाओं को चार वर्ष की अवधि के लिए सशस्त्र बलों में अपनी सेवाएं देने का अवसर दिया जाएगा जिसमें अग्निबीर बनने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता शारीरिक मापदंड के अतिरिक्त ,सेवा शर्तो , वेतन एवं प्राप्त होने वाली अन्य सुविधाओं की जानकारी छात्र-छात्राओं को प्रदान की गई साथ ही उन्हें प्रोत्साहित भी किया गया|कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ सुषमा श्रीवास्तव, डॉ अरुण कुमार, डॉ श्रीमती सुमन पुरवार, धीरज डिकोनिया एवं महाविद्यालय का स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे

**भ्रमण के दौरान मिले संदेहियों की ली खबर, सबक सिखाने लगवाई उठक बैठक**

# थाना प्रभारी ने सदलबल इंदिरानगर क्षेत्र का किया भ्रमण, तत्वों में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कुठला पुलिस ने दलबल इंदिरानगर क्षेत्र में पैदल गश्त किया। थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि इंदिरा नगर क्षेत्र में आम जनों की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए साथ ही इस क्षेत्र के आपराधिक तत्वों के हौसले को तोड़ने के लिए क्षेत्र में समय-समय पर पैदल गस्त करके परिस्थितियों का जायजा लिया जाता है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा क्षेत्र की शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए गए निर्देशों के क्रम में इस तरह की कार्यवाही को अंजाम दिया जाता है जिस समय कुठला पुलिस इंदिरा नगर क्षेत्र में पैदल गस्त कर रही थी उस दौरान गस्त करते हुए पुलिस बल के द्वारा रास्ते में मिले संदेहियों की तलाशी लेते हुए उनसे बेवजह घूमने के संबंध में पूछताछ की गई। इसी दौरान कुछ युवक पुलिस को देख पतली गली पकड़ कर भागने का प्रयास करने लगे। जिन्हें पुलिस के द्वारा पकड़ कर सख्त लहजे में पूछताछ की गई। पुलिस को देखकर भागने वाले संदेही युवकों को सबक सिखाने के लिए कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने उठक बैठक लगवाई। थाना प्रभारी के द्वारा संदेशों को सख्त लहजे में हिदायत भी दी गई। इस दौरान कुठला थाने का बाल बड़ी संख्या में मौजूद रहा।

*दो हेक्टेयर से अधिक भूमि देने की प्रक्रिया लगभग ओके*

# सालों पुराने रेस्ट हाउस के बहुरेंगे दिन, रोजगार के भी बढ़ेंगे अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बरही क्षेत्र के खितौली वन रेंज में जल संसाधन विभाग के वर्षों पुराने रेस्ट हाउस के दिन जल्द ही बदलेंगे। यहां पर पर्यटकों का आना-जाना बढ़ेगा और रोजगार अवसर भी युवाओं को मिलेंगे। जर्जर हो चुके रेस्ट हाउस का भवन प्रकृति की गोद में खितौली डेम के बगल में बना है और पर्यटन विभाग ने उसे रिसोर्ट में परिवर्तित करने के साथ ही अन्य सुविधाएं देने के लिए जिला प्रशासन ने रेस्ट हाउस भवन सहित आसपास की भूमि की मांग की थी।

टूरिज्म विभाग को दो हेक्टेयर से अधिक भूमि देने की प्रक्रिया लगभग पूर्ण हो चुकी है और लोकसभा चुनाव के बाद कार्रवाई आगे बढ़ेगी। जिसके बाद पर्यटन विभाग रेस्ट हाउस में नए निर्माण का कार्य प्रारंभ कर सकता है। जिसमें पर्यटकों के ठहरने, रेस्टारेंट सहित आसपास के क्षेत्र को सुंदर बनाने का कार्य कराया जाएगा।

रेस्ट हाउस को रिसोर्ट में बदलने के साथ अन्य सुविधाओं के लिए जिला प्रशासन से पर्यटन विभाग ने पत्र लिखकर भूमि के आवंटन की मांग की थी। जिसपर जिला प्रशासन ने जल संसाधन विभाग से अनापत्ति लेने के साथ ही विजयराघवगढ़ व बरही तहसीलदार से प्रतिवेदन मांगा था। दोनों ही तहसील न्यायालयों ने इश्तहार का प्रकाशन करते हुए प्रतिवेदन कलेक्टर न्यायालय को भेज दिया है। रेस्ट हाउस के आसपास 5.40 हेक्टेयर भूमि खाली पड़ी है। जिसमें से 2.40 हेक्टेयर भूमि के आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण कर दी गई है और जल्द ही उसे पर्यटन विभाग को सौंप दिया जाएगा। 2.40 हेक्टेयर भूमि में पुराना रेस्ट हाउस बना है और उसके साथ कुछ भूमि खाली पड़ी है। जिसमें पर्यटन विभाग निर्माण कार्य कराएगा।

बांधवगढ़ की सीमा से लगे खितौली सहित उसके आसपास के गांवों में बाघों की चहलकदमी साल भर रहती है। प्रकृति के बीच बने रेस्ट हाउस का कलेक्टर अवि प्रसाद ने एक साल पूर्व भ्रमण किया था और स्थल की सुंदरता और बगल में ही खितौली का पुराना डेम होने के कारण जलसंसाधन विभाग से रेस्ट हाउस में सुधार कराने के निर्देश दिए थे। जिसमें विभाग ने कुछ सुधार कार्य कराते हुए उसका रंगरोगन भी कराया था। सुरक्षा के इंतजाम न होने से लोग रेस्ट हाउस की सामग्री निकालकर ले जाते हैं और इसके चलते भी उसे पर्यटन विभाग को सौंपा जा रहा है।

खितौली रेस्ट हाउस में पर्यटकों की सुविधा देने के उद्देश्य से पर्यटन विभाग भोपाल की टीम भी एक बार भ्रमण कर चुकी है। लगभग चार साल पूर्व विभाग के दो अधिकारियों ने खितौली रेस्ट हाउस के साथ ही विजयराघवगढ़ के किले का भी भ्रमण किया था और दोनों को जिला प्रशासन से मांगा था। जिसमें विजयराघवगढ़ किले को हेरीटेज बनाने का प्रस्ताव बनाया गया था तो खितौली रेस्ट हाउस में रेस्टारेंट व ठहरने की सुविधा देने का प्रस्ताव था। बाद में किले को हेरीटेज बनाने में आपत्ति आने के बाद उसका प्रस्ताव अभी तक अधर में है।

इस संबंध में कलेक्टर अवि प्रसाद ने बताया कि पर्यटन विभाग ने खितौली रेस्ट हाउस में पर्यटकों की सुविधा के लिए निर्माण करने के लिए भूमि मांगी है। जिसमें आवश्यक कार्रवाई पूर्ण कराई गई है। विभाग को भूमि का आवंटन किया जाएगा ताकि जिले में लोगों को सुविधा मिल सकें और आसपास के लोगों को रोजगार मिले।

**बीते दो दिनों से मौसम का मिजाज बिगड़ा, शाम के समय आंधी**

# झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना, उमस से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



बीते दो दिनों से आसमान में छाये बादल के बीच गुरूवार की शाम एक बार फिर तेज आंधी के बाद झमाझम बारिश के कारण क्षेत्र का मौसम सुहाना हो गया है। लोगों को भीषण गर्मी से काफी हद तक राहत मिली है। भीषण गर्मी के बीच हुई बेमौसम बारिश ने थोड़ी राहत पहुंचाई है। बीते दो दिनों से अचानक मौसम बदला नजर आ रहा है। मौसम विभाग द्वारा पूर्व में बताया गया था कि दो तीन दिनों तक मौसम ऐसा ही रहेगा। गुरूवार को दिन के समय कुछ समय तक धूप निकली लेकिन दोपहर बाद आसमान में बादल छाए गए जिससे मौसम सुहाना रहा। बारिश और बादलों की वजह से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। बारिश से लोगों के चेहरे भी खिल उठे हैं।

### मौसम हुआ ठंडा ठंडा

ठंडी हवा के साथ काले बादलों ने आसमान में डेरा डाल रखा है। इससे पूर्व भी बुधवार की शाम तेज आंधी और हल्की बारिश हुई थी। गुरूवार सुबह को मौसम कुछ समय तक साफ नजर आया और लेकिन दोपहर चार बजे के बाद देखते ही देखते तेज असमान में बादल मंडराने लगे इसके साथ-साथ बिजली की चमक के बीच बादल बरसने लगे। बारिश ने मौसम खुशनुमा कर दिया। बारिश को देखकर ऐसा प्रतीत हुआ जैसे प्री मानसून की दस्तक हो गई हो। पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी पर लगाम लगी और झमाझम बारिश होने लगी क्षेत्र में दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और हवाएं चलती रही जिससे लोगों को भीषण गर्मी में राहत मिली।

बता दें कि कुछ दिन पहले क्षेत्र का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस चल रहा था, लेकिन बारिश के कारण तापमान में काफी गिरावट आई है। दिन के समय धूप निकलती है और फिर शाम को बारिस होने लगती है। वहीं हवा में नमी व आसमान में बादलों की आवाजाही होने के कारण उतनी तपिश नहीं रही, जो अन्य दिनों में थी। बारिश ने आम जनमानस को जहां भीषण गर्मी से राहत पहुंचाई मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक लगातार बारिश होती रहेंगी ।

### फसलों को मिला पानी

किसानों का कहना है कि इस बारिश से खेतों में लगी उड़द, मूंग सहित सब्जी को काफी लाभ हुआ है। तेज गर्मी की वजह से फसल को हर सप्ताह पानी की जरूरत पड़ती है लेकिन इस बारिश के बाद कुछ राहत मिलेगी। तेज आंधी तूफान से कुछ नुकसान भी हुआ। कहीं पेड़ की डाली गिर गई तो कहीं छप्पर व होर्डिंग उड़ गया।

# गौशालाओं में नहीं है पशुओं की कोई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयराघवगढ़

क्षेत्र में निर्मित गौशालाओं में जहां शासन द्वारा पशुओं के लिए भुसा पानी एवम उनके रखरखाव के लिए प्रशासन द्वारा भेजी गई राशि से क्षेत्र से पहुचे पशुओं की कोई व्यवस्था नही होती है जिसके कारण वहा रहने वाले पशुओं की स्थिति गंभीर हो जाती है।वही क्षेत्र के कृषकों की माने तो कृषकों द्वारा रबी व खरीब की फसलो के उन्न शील बीज खरीद कर दवा खाद डालकर बोनी के उपरांत जब फसले तैयार हो जाती हैं। आवारा पशुओं से फसलो का बहुत नुकसान होता है।

संगठित किसान उक्त आवारा पशुओं को गोशाला भेजने के लिए पहुंचने पर जबाबदार द्वारा या तो रखने से इंकार कर दिया जाता है या उनके खानपान की व्यवस्था का हवाला देकर चलता कर दिया जाता है। गौशालाओं में अक्सर देखा जाता है कि कि वहा रहने वाले पशु खान पान के अभाव में मरणासन्न स्थिति में रहते हैं।

### लगाये गए आरोप

नगर परिषद कार्यालय में आवारा पशुओं को एकत्र कर गोशाला भेजने हेतु वाहन की खरीदी की गई है ।किंतु उक्त वाहन द्वारा कृषक पशु आवारा पशुओं को गोशाला भेजने के लिए जबाबदार द्वारा डीजल के लिए रूपयो की मांग की जाती है या वाहन खराब बताया जाता है। स्थानीय कृषक गंगाराम चौधरी रमेश चौधरी हंसराज सिंह श्याम लाल चौधरी मोहम्मद अबरार मोहम्मद नजरुल नंदा चौधरी रामलाल चौधरी जियालाल चौधरी सोनेलाल साहू कल्लू साहू ने बताया कि कृषकों के उपयोग में उक्त वाहन का कोई उपयोग नहीं हो पाता ।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने किया अभिलेखागार का निरीक्षण

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने गत बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित राजस्व अभिलेखागार का औचक निरीक्षण किया और संधारित अभिलेखों की विस्तृत जानकारी लेकर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित लिपिक से रिकार्ड संधारण की प्रक्रिया पूछी और विभिन्न पंजियों का अवलोकन कर बेहतर व व्यवस्थित तरीके से महत्वपूर्ण अभिलेख व दस्तावेजों के संधारण के लिए निर्देशित किया। रिकार्ड रूम के लिए उपलब्ध अतिरिक्त स्थान के संबंध में भी जानकारी ली। इस मौके पर अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र भी उपस्थित रहे।

### बाल विवाह पर होगी कार्यवाही

**पन्ना।** बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की एवं 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है। साथ ही ऐसे विवाह में शामिल होने वाले सभी व्यक्ति भी अपराध की श्रेणी में आते हैं। बाल विवाह में शामिल परिवार वालों व सभी सेवा प्रदाताओं को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 10 के तहत बाल विवाह का अनुष्ठान करने के लिए दण्ड का प्रावधान किया गया है, जिसके तहत किसी व्यक्ति द्वारा बाल विवाह को संपन्न अथवा संचालित करने, निर्दिष्ट या दुष्प्रेरित करने पर दो वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा एक लाख रूपए तक के जुर्माना से दण्डित किया जा सकेगा। संबंधित को यह साबित करना होगा कि उसके पास यह विश्वास करने का कारण था कि संपन्न होने वाला विवाह बाल विवाह नहीं था। जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊदल सिंह ठाकुर ने बताया कि बाल विवाह के कारण बालिकाओं की शिक्षा व स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है, जिससे उनका मानसिक एवं शारीरिक विकास नहीं हो पाता। समस्त जनप्रतिनिधियों, जातीय संगठनों के प्रतिनिधि, स्वयंसेवी संस्था तथा समाज सेवकों से अपने क्षेत्र में बाल विवाह की रोकथाम के लिए सक्रिय सहयोग की अपील की गई है। साथ ही जिन परिवारों में बाल विवाह आयोजित हो रहे हैं, उनसे संपर्क कर बाल विवाह न करने की समझाईश देने और नहीं मानने की स्थिति में निकटतम थाने में सूचना देने के लिए कहा गया है। सभी के सहयोग से यह प्रयास बाल विवाह को रोकने में मददगार साबित होने के साथ ही स्वस्थ्य समाज को जन्म देगा।

### पशुओं को लू से बचाव के लिए सलाह

**पन्ना।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा ग्रीष्म ऋतु में पशुओं को लू से बचाव के संबंध में आवश्यक सलाह जारी की गई है। विभाग के उप संचालक डॉ. डी.पी. तिवारी ने जिले के सभी पशुपालकों एवं गौशाला संचालकों से अपील करते हुए कहा है कि सूरज की तेज गर्मी के कारण गर्म हवाएं चलने से पशुओं को लू लगने एवं बीमार होने की संभावना अधिक बनी रहती है।

## नगर में दूसरे दिन चला जेसीबी का पंजा

# कई जगह विरोध करने के बाद भी सख्ती से हटाया गया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले की सभी नगर पालिका क्षेत्र की सड़को को अतिक्रमण मुक्त करनें एवं साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनानें के लिए दिशा निर्देश दिए गये जिसके परिपालन में हटा नगरपालिका सीएमओ राजेन्द्र खरे द्वारा पुलिस प्रशासन की सहयोग से नगर को व्यवस्थित बनानें के लिए बुधवार के दिन से नगर की सड़को पर फैले अतिक्रमण को हटानें की मुहिम चलाई गई जिसमें दूसरे दिन भी पुलिस व नपा की टीम द्वारा नगर के बड़ा बाजार से पुत्री शाला मंदिर मस्जिद चौराहा से तीनबत्ती तिगड्डा एवं चंडी जी तक कार्रवाई की गई जिसमें बड़ा बाजार में विगत बर्ष 2022 में नगरपालिका द्वारा मुहिम चलाकर दुकानदारों द्वारा नालियों के ऊपर बनाई गई पट्टियों को हटानें की कार्रवाई कर दोबारा अतिक्रमण न करनें की हिदायत दुकानदारों को दी गई अन्यथा जुर्मानें की कार्रवाई की जाएगी।

कार्यवाही के दौरान कुछ दुकानदारों एवं मकान मालिको द्वारा किए गये अतिक्रमण को हटाए जानें की कार्यवाही का विरोध भी जताया गया लेकिन नगरपालिका प्रशासन द्वारा तीनबत्ती से पेट्रोलपंप मार्ग पर दुकानदारों की पट्टियों पर जेसीबी मशीन चलाकर तोड़ी गई एवं जिन दुकानों के आगे जो अतिक्रमण आगे तक किया गया था एवं टीन शेड लगाकर रास्ता को संकीर्ण किया गया था। वहीं बुधवार को हटाए गये अतिक्रमण पर पांच दुकानदारों द्वारा पुनः अतिक्रमण किए जानें पर हरिसींग कल्याण सींग मुलायम भागचंद साहू विजय कुमार भुटियानी पर जुर्मानें की कार्यवाही की गई। जुर्माना न जमा करनें की स्थिति में इनके खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया जाएगा।





# बिना निमंत्रण किसी के घर नहीं जाना चाहिए, सम्मान की हानि होती है: पं ऋषिकांत गर्ग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

बस स्टैंड अग्रवाल परिवार की ओर से आयोजित भागवत ज्ञान कथा सप्ताह के तीसरे दिन कथा वाचक बाल व्यास ऋषिकांत गर्ग ने कहा कि बिना निमंत्रण के किसी के घर नहीं जाना चाहिए इसमें सम्मान की हानि होती है। उन्होंने बताया कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे है वहां आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान न हो यदि अपने गुरू,इष्ट के अपमान होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए। चाहे वह स्थान अपने जन्म दाता पिता का ही घर क्यों न हो। प्रसंगवश भागवत कथा के दौरान सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर सती के पिता के घर जाने से अपमानित होने के कारण स्वयं को अग्नि में स्वाह होना पड़ा था। भागवत कथा में उत्तानपाद के वंश में ध्रुव चरित्र की कथा को सुनाते हुए बाल व्यास जी ने समझाया कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया। परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। भक्त ध्रुव द्वारा तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाते हुए बताया कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। बलराम जी महाराज ने कहा कि व्यक्ति अपने जीवन में जिस प्रकार के कर्म करता है उसी के अनुरूप उसे मृत्यु मिलती है। भगवान ध्रुव के सत्कमोर् की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि ध्रुव की साधना,उनके सत्कर्म तथा ईश्वर के प्रति अटूट श्रद्धा के परिणाम स्वरूप ही उन्हें वैकुंठ लोक प्राप्त हुआ। कथा के दौरान महराज ने बताया कि संसार में जब-जब पाप बढ़ता है, भगवान धरती पर किसी न किसी रूप में अवतरित होते हैं। उन्होंने कहा कि कलयुग में भी मनुष्य सतयुग में भगवान कृष्ण के सिखाए मार्ग का अनुसरण करे तो मनुष्य का जीवन सफल हो सकता है। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित बताया है।

### नेशनल लोक अदालत 11 मई को, 13 खण्डपीठ गठित

**पन्ना।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के तत्वाधान में शनिवार, 11 मई को संपूर्ण देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस क्रम में जिला न्यायालय पन्ना सहित तहसील न्यायालय पवई और अजयगढ़ में भी लोक अदालत लगेगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं जिला न्यायाधीश हरप्रसाद बंशकार ने बताया कि लोक अदालत के लिए कुल 13 खण्डपीठ गठित की गई है। जिला न्यायालय पन्ना में 09, तहसील न्यायालय पवई में 03 एवं अजयगढ़ में 01 खण्डपीठ का गठन किया गया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भावना साधौ की खण्डपीठ क्रमांक 01, द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पन्ना अयाज मोहम्मद की खण्डपीठ क्रमांक 02, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश इन्द्रजीत रघुवंशी की खण्डपीठ क्रमांक 03, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनील अहिरवार की खण्डपीठ क्रमांक 04, जे.एम.एफ.सी एवं द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड शिवराज सिंह गवली की खण्डपीठ क्रमांक 05, जे.एम.एफ.सी. एवं प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड के प्रथम अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड मोहित बड़के की खण्डपीठ क्रमांक 06, जे.एम.एफ.सी. प्रथम व्यवहार न्यायाधीश के अतिरिक्त द्वितीय न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड निधि शाक्यवार की खण्डपीठ क्रमांक 07, जे.एम.एफ.सी. एवं प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड इकरा मिनिहाज की खण्डपीठ क्रमांक 08, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड प्रीतम शाह की खण्डपीठ क्रमांक 09 रहेगी। इसी तरह पवई तहसील के लिए गठित खण्डपीठ अनुसार जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पवई नवनीत कुमार वालिया की खण्डपीठ क्रमांक 10, जे.एम.एफ.सी. प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड पवई कृष्णपाल सिंह सिसोदिया की खण्डपीठ क्रमांक 11 और जे.एम.एफ.सी. एवं व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड पवई हिमांशी ठाकुर भारद्वाज की खण्डपीठ क्रमांक 12 तथा अजयगढ़ तहसील के लिए जे.एम.एफ.सी. व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड अजयगढ़ पलक श्रीवास्तव की खण्डपीठ क्रमांक 13 गठित की गई है।

## रेमेडियल कक्षाओं का हो रहा संचालन



**झलौन।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलौन में रुक जाना नहीं योजना के अंतर्गत नियमित क्लासों का संचालन किया जा रहा है। जिसमें बोर्ड परीक्षा में असफल हुए छात्र-छात्राओं की नियमित कक्षाओं का संचालन दिनांक 6 मई 2024 से निरंतर जारी है। साथ ही साथ उनकी कमजोर विषयों को बारीकी से अध्यापन कराकर उनकी कमियों को दूर किया जा रहा है। इसमें पूरक परीक्षा के छात्रों को भी विद्यालय आने का आग्रह किया गया है जिससे कि वे परीक्षा में सफल होकर अगली कक्षा में प्रवेश ले सकें।

## ग्रामीणों की सुविधा के लिए बनाया गया हेल्प डेस्क काउंटर

**हटा।** जनपद पंचायत के अधीन आनें वाली 57 ग्राम पंचायतों में किसी न किसी ग्राम पंचायत व अन्य हितग्राहियों को व्यक्तिगत कार्यों के अलावा योजनाओं की जानकारी के लिए अब भटकना नहीं पड़ेगा जनपद कार्यालय में ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हेल्प डेस्क काउंटर बनाया गया है जहां संबधित ग्रामीण हितग्राहियों को उनके कार्यों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए पंजी संधारण की गई है जिसमें संबंधितों का नाम मोबाइल नंबर पता कार्य का विवरण आदि नोट किए जायेंगें जिसमें हितग्राहियों को भटकना न पड़ें और उनके कार्य आसानी से हो सके। इस मौके पर पंचायत निरीक्षक राजेश पाराशर, आवास योजना समन्वयक अमित सौधियां, स्वच्छता मिशन समन्वयक श्रीमति अंकिता मिश्रा, अनिल गौतम, कविता जैन आदित्य अग्रवाल सहित ग्रामीण क्षेत्रों के हितग्राहियों की उपस्थिति रही।



## झलौन में मनाई महाराणा प्रताप जयंती



**झलौन।** तेंदूखेड़ा ब्लॉक के ग्राम पंचायत झलौन में महाराणा प्रताप संघ ने महाराणा प्रताप जी की जन्म जयंती मनाई सर्वप्रथम महाराणा प्रताप कंप्यूटर सेंटर में संघ के सभी लोग एकत्रित हुए और वीर साहसी मेवाड़ गौरव महाराणा प्रताप जी के चित्र पर माल्यार्पण कर तिलक एवं दीप प्रज्वलन किया गया। संघ के अध्यक्ष पुष्पेंद्र सेन कोषाध्यक्ष रूपलाल विश्वकर्मा सहसंयोजक राजेंद्र साहू मोहित पटेल दशरथ आचार्य बलराम पटेल सचिन यादव जी द्वारा महाराणा प्रताप जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया उनके मुगल से किए गए संघर्षो की कहानी को केंद्र के छात्रों को बताया गया और सभी छात्रों को पक्षियों को पानी पीने के लिए सकोरों का वितरण किया गया।

## सुदामा चरित्र की कथा सुन भाव विभोर हो गए श्रोता



**बनवार।** बम्होरी मंदिर में चल रही भागवत कथा का समापन सुदामा चरित्र के वर्णन के साथ हुआ। कथाव्यास अरविंद व्यास ने सुदामा चरित्र का वर्णन किए जाने पर पंडाल में उपस्थित श्रोता भाव-विभोर हो गए। कथाव्यास ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे। परंतु आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है। जब स्वार्थ पूरा हो जाता है, मित्रता खत्म हो जाती है। उन्होंने कहा कि एक सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर मित्र कृष्ण से मिलने द्वारकापुरी जाते हैं। जब वह महल के गेट पर पहुंच जाते हैं, तब प्रहरियों से कृष्ण को अपना मित्र बताते है और अंदर जाने की बात कहते हैं। सुदामा की यह बात सुनकर प्रहरी उपहास उड़ाते है और कहते है कि भगवान श्रीकृष्ण का मित्र एक दरिद्र व्यक्ति कैसे हो सकता है। प्रहरियों की बात सुनकर सुदामा अपने मित्र से बिना मिले ही लौटने लगते हैं। तभी एक प्रहरी महल के अंदर जाकर भगवान श्रीकृष्ण को बताता है कि महल के द्वार पर एक सुदामा नाम का दरिद्र व्यक्ति खड़ा है और अपने आप को आपका मित्र बता रहा है। द्वारपाल की बात सुनकर भगवान कृष्ण नंगे पांव ही दौड़े चले आते हैं और अपने मित्र को रोककर सुदामा को रोककर गले लगा लिया।

## भगवान परशुराम प्रकटोत्सव समारोह का आयोजन आज

**हिण्डोरिया।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी सर्व ब्राह्मण समाज के सौजन्य से श्री गणेश जी मंदिर उपाध्याय परिसर वार्ड नंबर 14 हिंडोरिया में आज 10 मई 2024 दिन शुक्रवार को अपने अराध्य एवं श्री हरि विष्णु भगवान जी के छठवें अवतार भगवान श्री परशुराम जी का प्रकटोत्सव समारोह बडे. ही हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में मनाया जा रहा है। इस दौरान सुबह 06 बजे से 08 बजे तक सुंदर कांड का आयोजन होगा। साथ ही सुबह 08 बजे से 09 बजे तक हवन पूजन का कार्यक्रम होगा एवं इसके उपरांत सुबह 09 बजे से 11 बजे तक प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। नगर के सर्व ब्राह्मण समाज ने सभी धर्म प्रेमियों से कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थिति देकर पुण्य लाभ कमाने की अपील की है।

## भागवत कथा सुनने से जीव निडर एवं निर्भीक होता है : पं संतोष गर्ग



**मडियादौ।** हटा विकास खंड की ग्राम पंचायत डोली में सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हुआ है। कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। कृष्ण जन्म प्रसंग की शुरुआत ही पंडाल में हुई जिसमें नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल के भजनों के साथ श्रोता झूम उठे। कथा व्यास पंडित श्री संतोष गर्ग जी महाराज ने कहा कि जीवन में जब भी भगवत नाम श्रवण का अवसर प्राप्त हो, उससे विमुख नहीं होना चाहिए। भागवत कथा सनने से जीव निर्भीक एवं निडर हो जाता है भागवत महापुराण में विभिन्न प्रसंगों का वर्णन करते हुए बताया गया है कि जब-जब धरती पर अधर्म की वृद्धि होती है, तब-तब भगवान अवतार धारण करके धरती पर धर्म की स्थापना करते है। विभिन्न प्रसंगों पर उल्लिखित कथाः कृष्ण जन्म के पूर्व भगवान राम के अवतार की लीला का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने जो आदर्श स्थापित किया था, वह आज भी हमारे जीवन में स्थापित है राम जन्म, ताड़का वध, राम विवाह, वनवास, रावण वध सहित राम राज्य अभिषेक पर सुन्दर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि द्वापर में जब अत्याचार और अधर्म बडा तो श्रीकृष्ण ने अवतार लिया अधर्मी राजा कंस का वध कियाएवं अत्याचार से मुक्ति दिलाई कृष्ण जन्मके समय आतिशबाजी कर खुशियां मनाई गई।

# कृषक बंधुओं ने नरवाई न जलाने की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कोचर के निर्देशन पर उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र सिंह राजपूत के मार्ग दर्शन में आज बटियागढ़ विकासखण्ड के ग्राम सिहेरा में कृषक प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन का आयोजन किया गया । इस दौरान कृषकों को नरवाई प्रबंधन पर प्रशिक्षण एवं मशीनों का प्रदर्शन किया गया। कृषक बंधु फसल अवशेष/नरवाई को खेत में जला देते हैं जिससे मृदा में उपस्थित लाभदायक सूक्ष्म व पोषक तत्व एवं जैविक कार्बन जल का नष्ट हो जाता है, जिससे मृदा सख्त एवं कठोर तथा बंजर हो जाती है तथा फसलों में विभिन्न प्रकार के रोग, कीट एवं बीमारियो एवं खरपतवारों की समस्या दिन प्रति दिन बढ़ती जाती है। जिससे फसलोत्पादन मे कमी एवं लगातार जल स्तर मे गिरावट देखी जा रही है। उन्होने बताया कि, कृषक बंधु नरवाई में आग न लगाये उसके स्थान पर वैकल्पिक विधियां जैसे- बंडल बनाना, स्ट्रारीपर से भूसा बनना, जैविक खाद बनाना एवं फसल अवशेष का उपयोग अच्छादन के रूप में किया जा सकता है। इस मौके पर नरवाई न जलाने हेतु कृषकों को शपथ दिलाई गई।



उपसंचालक कृषि ने कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के बारे में कृषकों को बताया । उन्होने कहा यदि कृषक बंधु नरवाई या फसल अवशेष जलाते है तो निर्देशों का उल्लंघन किये जाने पर व्यक्ति/निकाय को नोटिफिकेशन प्रावधानानुसार पर्यावरण क्षति पूर्ति राशि देनी होगी।

सहायक संचालक कृषि जे.एल. प्रजापति ने बताया है कि समस्याओं से निजात पाने के लिये ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई किसानों के लिये एक वरदान के रुप में साबित हो सकती है। मई-जून के माह में मिट्टी पलटने बाले हल जैसे मोल्ड़ बोर्ड प्लाऊ, टर्न रेस्ट प्लाऊ या रिर्वस विल मोल्ड़ बोर्ड प्लाऊ के द्रारा तीन वर्ष मे कम से कम एक बार 20 से.मी. से अधिक गहरी ग्रीष्म कालीन गहरी जुताई अवश्य करनी चाहिए। गहरी जुताई से भूमि की ऊपरी कठोर परत टूट जाती है जिससे मृदा में वर्षा जल धीरे-धीरे रिस-रिस कर जमीन के अंदर चला जाता है तथा वर्षा जल का रुकाव जमीन में अत्यधिक होने के कारण मृदा में जल धारण क्षमता एवं जल स्तर में वृद्धि हो जाती है। फसल अवशेष के मृदा में दब जाने से विघटित होकर जैविक खाद तथा काले रंग का ह्यूमस बनाते हैं जो मृदा की भौतिक संरचना में सुधार करता है वह मृदा में सूक्ष्म जीवों एवं पौधों के लिए अनुकूल परिस्थितियों पैदा करता है एवं कार्बनिक पदार्थ की मात्रा में वृद्धि तथा जैविक खाद तैयार हो जाती है।

आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक दमोह डॉ मनोज अहिरवार के द्वारा कृषकों से परिचर्चा करते हुये नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान जैसे लाभदायक सूक्ष्म- जीव जलकर नष्ट हो जाते है, मृदा में उपस्थित जैविक कार्बन नष्ट हो जाता है तथा मृदा सक्त एवं कठोर होकर बंजर हो जाती है साथ ही वातावरण पर बुरा प्रभाव पड़ता है, जिससे ग्लोबल वार्मिंग जैसे समस्याएं उत्पान्न हो रही है। इसलिए किसान बंधुओं को फसल अवशेष/नरवाई किसी भी स्थिति में नहीं जलाना चाहिए। नरवाई प्रबंधन हेतु अत्याधुनिक मशीनों (बेलर, रेकर, चौपर) के द्वारा नरवाई से बंडल प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से परियोजना संचालक (आत्मा ) मुकेश कुमार प्रजापति, तकनीकी सहायक राघवेन्द्र भारद्वाज, ए.टी.एम. (आत्मा) सुनील कुमार, संजय उपाध्याय (कृषि अभियांत्रिकी), समस्त कृषि विस्तार अधिकारी बटियागढ़ के साथ-साथ कृषकों की उपस्थिति रहीं।

आगामी कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 11 मई 2024 को हटा के ग्राम मुहरई में, 13 मई 2024 को पटेरा के ग्राम देवरी रतन में, 14 मई 2024 को जबेरा के ग्राम सिग्रामपुर में तथा 15 मई 2024 को तेन्दूखेड़ा के ग्राम हरई पांजी में आयोजित किये जावेगें, जिसमें कृषक बंधुओं से अपील है कि अधिक से अधिक मात्रा में उपस्थित होकर नरवाई प्रबंधन के बारे में जानकारी प्राप्त करें।

## सलेहा हनुमान मंदिर में सप्त दिवसीय अखंड

**पन्ना।**

नया बस स्टैंड सलेहा हनुमान मंदिर में सातदिनी 24 घंटे अखंड रामनाम संकीर्तन (रामधुन) जारी है रामधुन का शुभारंभ 7 मई मंगलवार को सुबह 10 बजे पूरे बैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शुभारंभ किया गया जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी बताते चले कि विश्व शांति,जन कल्याण तथा सुख समृद्धि के लिए सप्त दिवसीय रामधुन का आयोजन बजरंग दल विश्व हिन्दू परिषद रामभक्तो हिन्दू संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से किया जा रहा है जिसमे मुख्य रूप से सलेहा भाजपा मंडल अध्यक्ष हरेंद्र त्रिपाठी की उलेखनीय भूमिका है समाज सेवी श्रेतीय धर्म प्रेमियों आदि सदस्यों के द्वारा व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाली जा रही है। अलग अलग क्षेत्रो से आयें भक्त मंडली द्वारा संगीत में सुंदर ध्वनि से रामनाम संकीर्तन किया जा रहा है इस अवसर पर श्रेतीय धर्म प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर रामधुन संकीर्तन करते हुए धर्म लाभ ले रहे हैं सातदिनी अखंड रामधुन के द्वितीय दिवस बुधवार को बड़ी संख्या में धर्म प्रेमियों ने रामनाम संकीर्तन (रामधुन) गरमई उपस्थिति दर्ज कराते हुए रामधुन संकीर्तन किया सप्त दिवसीय रामधुन का समापन 14 मई मंगलवार को हवन वेदिक प्रक्रिया के साथ करते हुए साथ ही प्रसादी भंडारा आयोजित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### मुनि श्री आगम सागर जी महाराज ससंघ का मंगल विहार

कुंडलपुर। सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर की पावन धरा से संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज का आचार्य पद पदारोहण होने के पश्चात मुनि संघों का कुंडलपुर से पद बिहार निरंतर जारी है ।9 मई को परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से परम पूज्य मुनि श्री आगम सागर जी महाराज ,मुनि श्री पुनीत सागर जी महाराज, मुनिश्री सहज सागर जी महाराज, ऐलक श्री धैर्य सागर जी महाराज का मंगल विहार कुंडलपुर से हुआ।

### 34 वी महाआरती में उमडा जन सैलाब



दमोह। अग्रवाल समाज दमोह के द्वारा प्रत्येक माह के पहले हफ्ते में महाराजा अग्रसेन की महा आरती का आयोजन फुटेरा वार्ड दो स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर में किया जाता है इसी क्रम में 34वीं महा आरती का आयोजन किया गया जिसमें पंडित बृजेश पाठक के सानिध्य में सर्वप्रथम भगवान गणेश माता लक्ष्मी महाराजा अग्रसेन का पूजन किया गया जिसके बाद महा आरती का आयोजन किया गया इस बार 34वीं महा आरती करने का सौभाग्य श्याम ट्रेडर्स परिवार को प्राप्त हुआ बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के लोगों की जहां उपस्थित रहे वहीं मुख्य रूप से कार्यक्रम में अग्रवाल महिला महासभा की प्रदेश महामंत्री रमा अग्रवाल युवा संभागीय अध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा विकास अग्रवाल ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवनलाल अग्रवाल श्याम अग्रवाल विनोद अग्रवाल उमा अग्रवाल टिल्लू, बिहारी सहित बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के महिला पुरुषों का बच्चों की उपस्थिति रही।

### अवैध मदिरा जब्त

दमोह। लोकसभा निर्वाचन 2024 में आदर्श आचार संहिता के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत जिला आबकारी अधिकारी रविंद्र खरे के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है 1 इसी क्रम में आज दमोह आबकारी वृत 'ब' के अंतर्गत पटेरा-हिंडोरिया मार्ग पर अवैध मदिरा परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 20 पेटी कुल 180 बल्क लीटर देशी मदिरा आरोपी विद्या दहाय से मारुति ओमनी वेन से जप्त की गई1 इस दौरान आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया 1 जप्त सामग्री के अनुमानित कीमत 1 लाख 80 हजार रुपये है 1

आंधी तूफान ने मचाया कोहराम, लगातार दूसरे दिन जिले में कई स्थानों पर हुई ओलावृष्टि

# मौसम ने बदले मिजाज, तेज आंधी तूफान के साथ बारिश व ओलवृष्टि

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

जिले में लगातार दूसरे दिन मौसम ने करवट बदली व तेज आंधी तूफान के साथ झमाझम बारिश हुई। बुधवार को जहां जिले के कई क्षेत्रों में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई थी उसके अगले दिन गुरूवार को भी यह क्रम जारी रहा। बारिश से जहां लोगो को गर्मी से राहत मिली तो वहीं आंधी तूफान के कारण ग्रामीणें इलाकों में नुकसान होने की जानकारी सामने आ रही है। कई जगह पेड़, खंभे धराशाई हो गये, गराबों के आशियाने भी गिरे। जिले के बांसा तारखेडा, मड़ियादौ अंचल के गांव सहित पटेरा के ब्लाक के सिमरी, हरदुआ, छेवला, मुआरी में ओले गिरे है। गर्मी में उड़द व मूंग की फसल बोने वाले किसान ओलावृष्टि से नुकसान को लेकर चिंतित है। ओलावृष्ट के कारण कई जगह फसलें प्रभावित हुई है।

जिले में गुरूवार को 40 डिग्री तापमान दर्ज किया गया एवं न्यूनतम तापमान 26.5 दर्ज किया गया। शहर में दोपहर तक तेज धूप रही लेकिन 2 बजे के बाद से चली तेज हवाओं ने पहले को शहर को अस्त व्यस्त कर दिया। इसके बाद आई तेज बारिश से मौसम सुहाना हो गया। रात को ठंडी हवायें चलती रही।



### मंडी में किसानों की उपज भीगी



तेज बारिश में कृषि उपज मंडी में खुले में रखी किसानों की उपज गीली हो गई। कुछ किसानों ने बरसाती आदि से ढककर कर फसल को भीगने से बचा लियो तो वहीं खुले में पड़ी बोरियां व अनाज भीग गया।

### आंधी तूफान ने जमकर तबाही मचाई



जिले में कई स्थानों से आंधी तूफान की तबाही के दृश्य सामने आ रहे है। घरों में टीनशेड, छप्पर आदि उड़ गये। वहीं हवा में उड़कर सामान यहां वहां गिरने से लोग भी घायल हुये है। खोजाखेड़ी में नदी के पास पेड गिरने से मार्ग बाधित हो गया जिसके बाद तुरंत अभियान चलाकर मार्ग सुचारू करवाया गया। टाकीज तिराहा पर रानी दुर्गावती स्कूल के गेट पर लगा पेड़ धराशाई हो गया।

### आकाशीय बिजली गिरने से 9 मजदूर घायल

आंधी तूफान के साथ आकाशीय बिजली का कहर भी देखने को मिला है। दमोह ब्लाक के बड़्याऊ इलाके से खबर है जहां आकाशीय बिजली ने 9 मजदूरों पर सितम ढाया है। ये मजदूर बुरी तरह झुलस गए हैं लेकिन सभी की जान सुरक्षित है। दरअसल बड़्याऊ में एक मैदान का निर्माण कार्य चल रहा था और इसी काम मे मजदूर लगे हुए थे, अचानक आई आँधी के बाद ये मजदूर पास बने एक कमरे में जाकर बैठ गए लेकिन तभी अचानक आसमान से बिजली गिरी और ये मजदूर उसकी चपेट में आ गए। सभी 9 मजदूरों को दमोह के जिला अस्पताल लाया गया है जहां डॉक्टर्स ने उन्हें इलाज दिया है।

## सेवा सहकारी समिति अर्थखेड़ा के समिति प्रबंधक निलंबित

### जिला सहकारी बैक महाप्रबंधक को दिये राशि वसूली के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देश पर समिति के द्वारा हम्मालों को जांच समय तक उपार्जित 9513.5 क्विंटल गेहूँ की तुलाई राशि 1,90,270 रूपये का भुगतान स्वयं न करके किसानों से कराये जाने के आरोप में अपर कलेक्टर मीना मसराम ने सेवा सहकारी समिति अर्थखेड़ा के समिति प्रबंधक वीरेन्द्र त्रिपाठी को पद से निलंबित करते हुये तुलाई राशि की वसूली सेवा सहकारी समिति अर्थखेड़ा के प्रबंधक वीरेंद्र त्रिपाठी एवं संबंधितों से वसूल करने के आदेश महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक को दिये है। उन्होंने उपार्जन केंद्र प्रभारी गोपाल सिंह (मूल पद विक्रेता), सर्वेयर भूपेंद्र सिंह (मूल पद विक्रेता) के विरूद्ध कार्यवाही हेतु सहायक आयुक्त, सहकारिता दमोह को आदेशित कर की गई कार्यवाही से अवगत कराने निर्देशित किया है। ज्ञातव्य है सेवा सहकारी समिति अर्थखेड़ा द्वारा संचालित गेंहू खरीदी केन्द्र स्थल गांधी वेयर हाऊस की जाँच जिला प्रबंधक, म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन दमोह एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जबेरा/तेंदूखेड़ा द्वारा की गई। जांच समय खरीदी केन्द्र प्रभारी गोपाल सिंह ठाकुर, समिति सर्वेयर भूपेंद्र सिंह, ऑपरेटर रामानुज त्रिपाठी उपस्थित पाये गये। समिति प्रबंधक वीरेंद्र त्रिपाठी अनुपस्थित थे। जांच समय मौके पर वायरल वीडियो/शिकायती वीडियो के संबंध में पूछताछ करने पर पाया गया कि शिकायती वीडियो में किसानों से तुलाई के 20 रूपये प्रति क्विंटल का भुगतान हम्मालों को किसान द्वारा किया जा रहा है, जिसकी पुष्टि कृषकों एवं हम्मालों से की गई।

## अवैधानिक रूप से प्लाट काटकर बेचने पर होगी कार्रवाई- कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा अवैध कॉलोनाइजेशन चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र में हो या शहरी क्षेत्र में हो, इसको किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे प्रकरणों को चिन्हांकित करके उनके खिलाफ कार्रवाई करने की प्रतिबद्धता है इसी क्रम में दो प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई है, जो ग्रामीण क्षेत्र की है। भविष्य में भी यदि और ऐसे प्रकरण आते है तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। जब तक पूरी व्यवस्थाएं नियमों और अधिनियमों के अनुसार व्यवस्था सुनिश्चित न हो तो काम आगे नहीं होंगे । उन्होंने कहा सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए है की वे ऐसे प्रकरण में सख्त करवाई करें जहां पर बिना संपूर्ण प्रक्रिया के अवैधानिक रूप से प्लाट काटकर बेचने की कार्रवाई की जा रही है। ऐसे अवैध कॉलोनी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए इस दिशा में हम लोग प्रतिबद्धता से काम कर रहे हैं। एसडीएम आर एल बागरी ने बताया ग्राम लाड़न बाग में रानू

### कालोनी स्थापित करने के उद्देश्य से अपनी भूमि को भूखंडों में विभाजित करने के आरोप में तीन पर मामला दर्ज

पति प्रमोद दुबे एवं ग्राम हिरदेपुर में दयाशंकर एवं कमल द्वारा छोटे-छोटे टुकड़ों में कृषि भूमि को विखंडित कर लोगों को प्लाट के रूप में विक्रय कर दिया परंतु मूलभूत सुविधाएं जैसे पानी बिजली सड़क पार्क नाली आदि की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई जिनके विरुद्ध न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दमोह में प्रकरण दर्ज कर मध्य प्रदेश पंचायती राज अधिनियम की धारा 61 घ के तहत आदेश पारित किया गया एवं कार्रवाई हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दमोह को FIR दर्ज करने के निर्देश दिए गए उक्त आदेश के पालन में सचिव ग्राम पंचायत हिरदेपुर एवं लाड़न बाग द्वारा दमोह थाना देहात में संबंधित के विरुद्ध FIR दर्ज कराई गई।

# एक ही दिन मे संयुक्त टीम ने दो बाल-विवाह रोके



हिण्डोरिया। महिला बाल विकास विभाग दमोह, संकल्प समाज सेवी संस्था दमोह एवं हिण्डोरिया पुलिस की संयुक्त टीम ने सूचना के आधार पर लड़का- लड़की के गावों मे पहुंचकर उनको बाल विवाह के नियम कानून समझाते हुये मौके पर पंचनामा कार्यवाही की एवं कम उम्र में होने वाले लड़का-लड़की के बाल विवाह को होने से रोका। सबसे पहले हिंडोरिया थाना के अंतर्गत आने वाले गांव कुआखेड़ा नायक में महिला बाल विकास विभाग दमोह के परियोजना अधिकारी कैलाश राय, महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक प्रियंका ठाकुर, पुलिस आरक्षक अजय शर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सपना पटेल , संकल्प समाजसेवी संस्था कार्यकर्ता सुजात खान की संयुक्त टीम ने लड़का जाहिद खान के निवास पहुँच कर लड़का के उम्र सम्बंधी दस्तावेजों की जांच की। तो ज्ञात हुआ कि लड़के की उम्र 21 वर्ष होने मे अभी 01 वर्ष 05 माह बाकी है। लड़के के घर मे पण्डाल लगा था। पंगत चल रही थी। शाम को दूल्हे की बारात ले जाने की तैयारी भी हो चुकी थी। उक्त बाल विवाह को लड़का, पिता एवं उसके परिजनों को मौके पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 को समझाते हुये सबकी सहमति से पंचनामा कार्यवाही करके रोका गया। इस संयुक्त टीम के व्दारा पिछले माह 24 अप्रेल 2024 को सूचना पाकर ग्राम छापरी ठाकुर जाकर चन्दन लोधी का विवाह उम्र 07 माह कम होने के चलते पंचनामा कार्यवाही कर रोका गया था। इसी तरह 09 मई 2024 को महिला बाल विकास विभाग दमोह की सुपरवाइजर सरोज पटेल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी बाई यादव,संकल्प समाजसेवी संस्था दमोह कार्यकर्ता पूनम चौरसिया, महेंद्र सिंह लोधी एवं बांदकपुर चौकी थाना हिण्डोरिया के आरक्षक रूपेश यादव इत्यादि की संयुक्त टीम ने सूचना पाकर ग्राम ऐरोरा पहुंचकर वहां पर होने जा रहे 13 वर्षीय आदिवासी लड़की एवं उनके परिजनों को बाल विवाह रोकने बने नियम कानून समझा कर पंचनामा कार्रवाई करते हुए उक्त बाल विवाह को रोका । अभी चूकी लड़की बर्षा की उम्र दस्तावेजों के आधार पर 13 वर्ष 10 माह हो रही है। अतः मौके पर सभी को लड़की की उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो जाने के बाद ही शादी करने का मशविरा दिया गया। साथ ही बच्ची को स्कूल भेजने कहा गया। बाल विवाह करने पर 02 वर्ष की सजा एवं 01 लाख रुपया जुर्माना होने के बारे मे भी उन्हे बताया गया। इस टीम के व्दारा विगत दिवस ग्राम नोनपानी मे भी इमरत गौड़ पिता खेत सिंह का बाल विवाह भी पंचनामा कार्यवाही कर के रोका जा चुका है। जिले के ब्लाक पथरिया के गाँव बांसा कला मे पंचनामा कार्यवाही के पश्चात बाल विवाह करने वाले लड़की एवं उनके परिजनों के विरूद्ध जाचोपरांत अपराध कायम कर कानूनी कार्यवाही शुरू हो चुकी है।जिले में लगातार बाल विवाह रोकने को लेकर महिला बाल विकास विभाग एवं संकल्प समाज सेवी संस्था व्दारा हो रही कार्रवाई से लोगों में हड़कंप सा मचा हुआ है। आगे भी ये सक्रियता एवं कार्यवाही जारी रहने के संकेत मिले हैं।

## नदी में मोटर लगाकर सिंचाई के लिए पानी चोरी कर रहे किसान



बनवार। भीषण गर्मी के चलते इस बार जबेरा जनपद की इकलौती शून्य नदी में पहली बार ऐसा देखने में आ रहा है कि लोग पानी के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। क्षेत्र के प्रमुख प्राकृतिक स्त्रोत के रूप में नदी, सूखे की स्थिति में हैं। लोगों के व्यक्तिगत उपयोग में आने वाले पानी का संकट खड़ा हो गया है नदी की स्थिति सूखने की कगार पर हैं। नतीजन मवेशियों के लिए पानी की बढ़ती गंभीर समस्या खड़ी हो गई है वावजूद इसके और अवैध रूप से पानी को बर्बाद करने एवं पानी की चोरी करने वालों पर प्रशासन का कोई ध्यान नही है। मनगुनवा घाट नयागांव बहेरिया शून्य नदी के तटीय क्षेत्र के लोगों द्वारा अपने व्यक्तिगत स्वार्थ एवं ग्रीष्मकालीन मूंग उड़द की खेती हेतु दिन रात बड़ी-बड़ी मोटरों के माध्यम से खेतों में दिन रात पानी लगाया जा रहा है। जिससे स्तिथि यह बन गई है कि शून्य नदी जो कभी खाली नहीं हुई इस वार सूखने की कगार पर है और लोग सूख रही शून्य नदी मछलियां मारने लकड़ी निकालने के लिए मेला सा लगा हुआ है। बताया जाता है जिस स्थान पर शून्य नदी की धार टूट गई और डबरों में त्वदील हो गई उस स्थान पर नदी का पानी इतनी तीव्र गति से कभी कम नहीं हुआ है पहली बार यह स्तिथि बनी है कि नदी सूखने की कगार पर हैं।

## प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ

बनवार। जबेरा जनपद के डूमर ग्राम मैं स्थित अति प्राचीन पाताल भैरवी हनुमान मंदिर में श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। 8 मई से 15 मई तक प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान श्री राम कथा रस भजन संध्या के इस भव्य और दिव्य आयोजन को लेकर समूचे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। क्षेत्र का वातावरण श्री राम की भक्ति में हो चला है। श्री राम कथा का वाचन अरविंद दुबे साथी की तीखी वाणी के द्वारा किया जाएगा। हवन पूजन पंडित सालिकराम दुबे परसोत्तम चौबे के सानिध्य में संपन्न होगा। बुंदेली कलाकारों के द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। बता दें श्री पाताल भैरवी हनुमान मंदिर डूमर में बरसों पहले भगवान हनुमान जी के समुख राम दरबार की सिंहासन बनी हुई थी लेकिन राम दरबार के प्राण प्रतिष्ठा नही हू थी और राम दरस बिन सूनी अखियां का इंतजार अब खत्म हो गया है। और ग्राम वासियों के द्वारा श्री राम लक्ष्मण जानकी की प्रतिमाओं के प्राण प्रतिष्ठा का महोत्सव मनाया जा रहा है जिसको लेकर ग्राम व क्षेत्र वासियों के द्वारा यह भव्य अनुष्ठान किया जा रहा है। जिसकी कलश यात्रा भव्यता के साथ ग्राम डूमर से संकट मोचन पाताल भैरवी हनुमान मंदिर तक धूमधाम के साथ निकाली गई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित किया।



## सीएम राईज स्कूल सहित अन्य स्कूलों का लिया जायजा



दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा जिले भर में लगातार स्कूलों का निरीक्षण किया जा रहा है। परीक्षा परिणाम सुधारने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री कोचर ने पथरिया क्षेत्र के तीन अलग-अलग स्कूलों में पहुंचकर जायजा लिया । पथरिया के महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय में पहुंचकर एक शिक्षक की भूमिका निभाते हुए रुक जाना नहीं के अंतर्गत लग रही कक्षाओं में छात्राओं को किताब उठाकर शिक्षक की भांति पढ़ाया और पढ़ाई के टिप्स बताये। कलेक्टर श्री कोचर ने सी.एम. राइज स्कूल में चल रहे समर कैंप का जायजा लिया और पानी एवं पार्किंग जैसी समस्याओं के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने स्कूलों के संबंध में आवश्यक निर्देश शिक्षा शिक्षा अधिकारी को दिए । कलेक्टर श्री कोचर ने बताया सीएम राईज स्कूल के भवन निर्माण का भी निरीक्षण किया। यहां पर पानी और पार्किंग की दिक्कत है, जिसका जल्द ही निराकरण किया जायेगा। इसके लिये राजस्व की टीम को निर्देश दिये है कि वे जाकर देखकर आयेंगे, उसकी वैकल्पिक व्यवस्था क्या हो सकती है उस पर काम करेंगे।

## भगवान परशुराम प्रकटोत्सव के अवसर पर आज निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

भगवान श्री विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम के प्रकटोटोट उत्सव के अवसर पर आज अक्षय तृतीया 10 मई शुक्रवार को प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी एक भव्य शोभा यात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होकर निकलेगी। दमोह नगर के सिविल वार्ड में स्थित अति प्राचीन शिव पार्वती मंदिर से संध्या 5 बजे यह शोभा यात्रा प्रारंभ होगी। ज्ञात हो कि पिछले अनेक वर्षों से भगवान श्री परशुराम के प्रकटोत्सव के अवसर पर शिव पार्वती मंदिर सिविल वार्ड से भव्य शोभा यात्रा निकाली जाती है। महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि इस शोभा यात्रा में मातृशक्ति के साथ बच्चे और एवं युवाओं के साथ समाज के बुजुर्गो की भी भारी संख्या में उपस्थिति रहती है। प्रातः ब्रह्म मुहूर्त हो जाएंगे कार्यक्रम प्रारंभ - आज 10 में शुक्रवार अक्षय तृतीया के दिन प्रातः ब्रह्म मुहूर्त ही सिविल वार्ड में स्थित अति प्राचीन शिव पार्वती मंदिर में धार्मिक आयोजन का शुभारंभ हो जाएगा। प्रातः 10 बजे सुंदरकांड पाठ के साथ वेद पुराण के मंत्रों के उच्चारण के साथ हवन पूजन किया जाएगा। इस अवसर पर सभी सामाजिक बंधु पारंपरिक वेशभूषा में उपस्थित होकर भगवान श्री परशुराम का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। परशुराम टेकरी पर भी होगा आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम की टेकरी पर स्थित प्राचीन मंदिर में भी पूजन अर्चन हवन किया जाएगा। प्रातः 8 बजे से हवन पूजन का आयोजन और प्रसाद वितरण किया जाएगा। इन मार्गों से निकलेगी भव्य शोभा यात्रा भगवान श्री विष्णु के छठवें अवतार श्री परशुराम के प्रकट उत्सव के अवसर पर संध्या 5 बजे भव्य शोभा यात्रा सिविल वार्ड स्थित शिव पार्वती मंदिर से प्रारंभ होकर वापस जो पार्वती मंदिर पहुंचेगी।

# पाप के पंख नहीं होते- मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

मनुष्य पाप को ज्यादा नहीं कर सकता पाप के पैर नहीं होते वह दौड़ नहीं सकता पाप के पंख नहीं होते वह ज्यादा उड़ नहीं सकता दिन भर कोई व्यक्ति क्रोध नहीं कर सकता लंबे समय तक व्यक्ति खराब काम नहीं कर सकता अच्छे कर सकता है जिस तरह कोई व्यक्ति जीवन भर क्रोध के साथ नहीं रह सकता किंतु समता के साथ रह सकता है ज्यादा क्रोध करने से सिर्फ फट सकता है अथवा वह पागल हो सकता है। उपरोक्त विचार निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज ने दिगंबर जैन धर्मशाला में आयोजित अपने प्रातः कालीन प्रवचनों में अभिव्यक्त किये।

इस अवसर पर मुनि श्री के पद पक्षालन का सौभाग्य सराफ परिवार को प्राप्त हुआ तथा शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य मुनि श्री निर्मोह सागर जी महाराज के परिवार जन को प्राप्त हुआ। मुनि श्री को पड़गहन कर आहार दान देने का सौभाग्य रितेश गंगरा परिवार को प्राप्त हुआ। मुनि श्री ने अपने मंगल प्रवचन में आगे कहा कि मनुष्य दुनिया को अपने अनुसार चलना चाहता वह हर कार्य अपनी इच्छा अनुसार करना चाहता जिस तरह दीपक अपनी इच्छा अनुसार जलना चाहता है मनुष्य अच्छे कार्य तो करना चाहता है किंतु वह अपनी इच्छा अनुसार करना चाहता है जिस तरह आंख देखना तो चाहती है किंतु अपनी इच्छा अनुसार कान अच्छा सुनना चाहते हैं किंतु इच्छा अनुसार हम मोक्ष जाना चाहते हैं किंतु अपनी इच्छा अनुसार यही इच्छा सब किए पर पानी फेर देती है आचार्य उमा स्वामी जी ने इच्छा निरोध तप कहा है सयमी सम्यक दृष्टि वही है जिसने अपनी इच्छा का त्याग कर दिया इच्छा अनुसार कार्य करना खतरनाक है ऐसा व्यक्ति किसी क्षण इच्छा के वशीभूत होकर खुश हो जाए अथवा नाराज हो जाए कुछ कहा नहीं जा सकता जिस तरह रावण अपने भाइयों को बहुत चाहता था किंतु उसमें एक दुर्गुण था वह हर कार्य अपनी इच्छा अनुसार करता था उसकी इच्छा होती थी तो वह सिंहासन पर बिठा देता था किंतु इच्छा विरुद्ध कार्य होने पर वह लात मार के भगा देता था विभीषण के साथ उसने यही किया मनमौजी मनुष्य खतरनाक होते हैं उनका भरोसा नहीं किया जा सकता मनमौजी इच्छा अनुसार कार्य करने वाला व्यक्ति स्थिर नहीं हो सकता आज अभिषेक का लोटा पकड़ने वाला व्यक्ति कभी इच्छा होने पर मधुशाला में बोतल भी पकड़ सकता है।

## नए मंदिर निर्माण हेतु जमीन का निरीक्षण करने पहुंचे मुनिश्री



दमोह। श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर की में विराजमान मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज गुरुवार सुबह स्टेशन रोड स्थित श्री आदिनाथ कांच मंदिर पहुंचे जहा उनकी भक्ति भाव के साथ मंदिर कमेटी के पदाधिकारी ने अगवानी की। पाद प्रक्षालन किया और यहां पर प्रस्तावित नवीन जिनालय के संदर्भ में जानकारी देते हुए प्रस्तावित स्थल बताया। जिसको लेकर मुनि श्री ने अपना आशीर्वाद प्रदान किया। उल्लेखनीय की श्री दिगंबर जैन कांच मंदिर समिति के द्वारा एक नए और भव्य पाषाण मंदिर का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। जिसको लेकर कमेटी द्वारा स्थल निरीक्षण कराए जाने के साथ पूज्य मुनिश्री के सानिध्य में नए मंदिर का निर्माण कर प्रारंभ होने के लिए निवेदन किया गया। इस अवसर पर पाठशाला के बच्चो सहित महिला मंडल, मन्दिर के आसामियों सहित भक्तजनों ने मुनिश्री की भव्य आगवानी की। मन्दिर समिति अध्यक्ष सतीश जैन कल्लन भैया, महामंत्री सोनू नेता, कोषाध्यक्ष महेंद्र जैन पटवारी, सुधीर जैन आर के टेंट राहुल जैन मैनेजर सहित दिगंबर जैन समाज पंचायत कुंडलपुर कमेटी के पदाधिकारी की मौजूदगी रही।